Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 17-08-2022 | अंक 316

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### जमीनी विवाद में हुई मारपीट में चार घायल दो रेफर

पदमा प्रखंड अंतर्गत चंपाडीह में हुई जमीनी विवाद में शंभू रविदास उम्र 50 वर्ष पिता स्व लखन रविदास समेत कुल चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### आवश्यक सूचना

कल दिनांक 18/08/2022को समय दोपहर 1.00बजे अजप्ता बरही के बैनर तले स्थानांतरित बीईईओ श्री अरूण कुमार शर्मा एवम श्री नागदेव यादव का विदाई समारोह और नव पदस्थापित बीईइओ श्री राकेश कुमार एवम श्री रामसेवक प्रसाद दांगी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया है जिसमें आप सभी शिक्षक सादर आमंत्रित हैं। आपकी उपस्थिति कार्यक्रम को सफल बनाने में मददगार साबित होगी । निवेदक अजप्ता बरही स्थान –बीआरसी बरही

### बरही प्राइवेट आई टी आई कॉलेज के लिए इंस्ट्रक्चर ( शिक्षक ) की जरूरत इच्छुक व्यक्ति संपर्क करे।

इलेक्ट्रीशियन इंस्ट्रक्टर
फिटर इंस्ट्रक्टर
कंप्यूटर ऑपरेटर

संपर्क सूत्र = 8877775001, 9431362225, 9934151615

APEM LIVE

# बरही स्कैन सेंटर (अल्ट्रासाउंड) का हुआ उद्घाटन, पहले दिन हुई 30 रोगियों की जांच

## गंभीर बीमारियों के परीक्षण में मददगार साबित होता है अल्ट्रासोनोग्राफी : डॉ इंद्रमनी सिंह

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



अल्ट्रासोनोग्राफी का उद्घाटन करती प्रथम मरीज एवं जीप सदस्य प्रीति कुमारी



मशीन का निरीक्षण करते जीप सदस्या प्रीती कुमारी एवं अपेम सदस्य






बरही अनुमंडलीय अस्पताल के सामने बुधवार को बरही स्कैन सेंटर नामक अल्ट्रासाउंड प्रतिष्ठान खुला। उद्घाटन डीएस प्रकाश ज्ञानी, अपेम चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार, अपेम मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी एवं अपेम अध्यक्ष की उपस्थिति में जीप सदस्या प्रीति कुमारी एवं प्रथम मरीज पुष्पा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पहले दिन अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले रोगियों की काफी भीड़ रही। अल्ट्रासोनोग्राफी विशेषज्ञ डीएमआरडी रेडियोलॉजिस्ट डॉ इंद्रमनी सिंह के द्वारा की गई। अल्ट्रासोनोग्राफी की महत्व की जानकारी देते हुए चीफ एडवाईजर डॉ अनिल कुमार ने बताया कि अल्ट्रासाउंड मशीन के द्वारा शरीर के अंदर के सभी अंगों की वर्तमान स्थिति की जानकारी मिलती है। इस मशीन के माध्यम से गर्भ में पल रहे बच्चे के स्वास्थ्य की भी जानकारी मिलती है। रेडियोलॉजिस्ट डॉ इंद्रामनी सिंह ने अल्ट्रासोनोग्राफी के संदर्भ में बताया की अल्ट्रासाउंड का उपयोग मूत्राशय, अंडाशय, प्लीहा, गुर्दे, यकृत, थायरॉयड, गर्भाशय, अंडकोष, आंखों और रक्त वाहिक. ाओं जैसे अंगों से संबंधित स्थितियों की जांच के लिए किया जाता है। इसके अलावे किडनी एवं लिवर फंक्सन के बारे में भी जानकारी मिलती है। बरही स्कैन सेंटर का संचालक उदित रवि उर्फ बिट्टू ने बताया कि हमारे संस्थान में लीगल तरीके से अल्ट्रासाउंड का संचालन किया जाएगा। सरकारी नियमानुसार यहां किसी भी तरह का लिंग परीक्षण नही होगा।। क्योंकि लिंग परीक्षण दंडनीय अपराध है। जीप सदस्य प्रीति कुमारी ने कहा कि बरही में अल्ट्रासाउंड खुलने से आस पास के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। समय और राशि दोनो की बचत होगी। मौके पर डॉ कृष्णा प्रसाद केशरी, सुरेंद्र रजक, गुरुदेव गुप्ता, सुनील कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार केशरी, सोनू पंडित, सविता गुप्ता, सोनू कुमार, मो असलम, सोनू अंसारी, सागर कुमार, संजीव कुमार, मो निजाम, मीना देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

मो0(काउंटर) : 9153606472

खाने का स्वाद, जो हमेशा रहे याद

झील रेस्टुरेंट एण्ड रिसोर्ट

JTDC



Proprietor
Mr. Tapeshwar Prasad
7739323525

नियर तथागत हॉस्पीटल, NH 33 उरवाँ(कोडरमा)

सुविधाएं :-

- वेज फूड
- नॉन वेज फूड
- मैरेज हॉल
- ठहरने का प्रबंध (AC,Non AC)
- पार्किंग व्यवस्था
- चिल्ड्रेन पार्क
- बोटिंग सुविधा













नोट : 24 घंटे सेवा उपलब्ध

दिनांक: 17-08-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## जनप्रतिनिधियों ने विजैया में 100 केवी ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन, ग्रामीणों में खुशी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के विजैया गांव के नीचे टोला में बुधवार को 100 केवी ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, समाजसेवी मो कयूम, विजैया पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ यादव एवं उपमुखिया सुखदेव यादव ने संयुक्त रूप से नारियल तोड़कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। विदित हो आज से पंद्रह दिन पूर्व ट्रांसफर्मर जल गया था। जिससे पूरा गांव अंधेरा में डूब गया था ग्रामीणों ने इस बात की सूचना बरही बिजली विभाग के एसडीओ को दी। वहीं बिजली विभाग के एसडीओ ने त्वरित ग्रामीणों को ट्रांसफर्मर दिलाया। जिससे ग्रामीणों में खुशी है।

## स्वतंत्रता दिवस पर न्यू लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल में किया गया ध्वजारोहण, छात्रों सहित शिक्षको ने दिया झंडे को सलामी





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही में संचालित न्यू लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षको एवं छात्राओं ने झंडे को सलामी दिया। उसके बाद छात्राओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम एवं 15 अगस्त के नारे लगाए गए। साथ ही रसोइया धमना पंचायत भवन में पंचायत के सभी निजी विद्यालय के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एक से बढ़कर एक नाटक प्रस्तुत किया गया। जहां नाटक प्रस्तुति में न्यू लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित हुए बतौर मुख्य अतिथि बरही थाना प्रभारी ललित कुमार ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया।

## जेएमएम जिला अध्यक्ष चलकुशा कार्यकर्ताओं की साथ बैठक

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा –प्रखंड मुख्यालय के समीप जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष शंभू यादव शामिल हुए। बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराएं। श्री यादव ने सभी कार्यकर्ताओं को आश्वासन देते हुए बताया कि आप लोगों की सारी समस्या जल्द ही समाधान किया जाएगा। इसके बाद जिला अध्यक्ष प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी एवं अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर से मुलाकात कर जन समस्याओं से अवगत कराया और और निष्पादन करने को कहा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य बाबू लाल यादव, सलीम अंसारी, अशोक दास, नारायण दास, सुल्तान अंसारी एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आयुष्मान भारत योजना में बेहतर प्रदर्शन के एवज में डीसी ने किया डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी को सम्मानित

### जिले में बेहतर प्रदर्शन करने के एवज में मिला पुरस्कार



डीएस को प्रशस्ति पत्र सौंपती डीएस नैंसी सहाय




प्रशस्ति पत्र दिखाते डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री आरोग्य योजना को बेहतर तरीके से लागू करने में अनुमंडलीय अस्पताल बरही का जिला स्तर पर चयन किया गया है। अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हज़ारीबाग़ के टाउन ह०ल में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय ने अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित की। ज्ञात हो कि पूरे जिले में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री आरोग्य योजना को बेहतर तरीके से लागू कर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में तीन अस्पताल का चयन राज्य सरकार द्वारा आंकड़ो के आधार पर किया गया था। उनमे अनुमंडलीय अस्पताल का भी चयन किया गया था। अनुमंडलीय अस्पताल बरही के द्वारा आयुषमान भारत योजना के तहत कुल 611 लाभुकों का इलाज किया गया। इसके साथ ही सभी 611 लाभुकों को मेडिकल फैसिलिटी भी दी गई। अनुमंडलीय अस्पताल को पुरस्कृत करने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ड० प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि उनके नेतृत्व में आयुषमान भारत योजना को बेहतर तरीके से लागू किया जा रहा है। इसमे अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों के साथ साथ कार्यालय कर्मियों का भी सराहनीय योगदान रहा है। सभी के प्रयास का प्रतिफल है कि अनुमंडलीय अस्पताल को पुरस्कृत किया गया। डॉ प्रकाश ज्ञानी को पुरस्कृत किए जाने पर एचएमएस सदस्य सुरेंद्र रजक, अब्दुल मनान वारसी, कृष्णा प्रजापति, डॉ अमन कुमार, डॉ मेराजुल इस्लाम, मो एजाज, पंकज कुमार आज़ाद, बीपीएम नारायण राम, नरेश कुमार, मो उस्मान, डॉ संगीता चौधरी, प्रह्लाद कुमार, बिष्णु कुमार महतो सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने बधाई दी है।

## पर्यटन निदेशालय की ओर से तिलैया डैम में आयोजित एडवेंचर स्पोर्ट्स कार्यक्रम में शामिल हुए रॉयल आर्किड के बच्चे

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



एडवेंचर स्पोर्ट कार्यक्रम में भाग लेते रॉयल आर्किड के बच्चे

पर्यटन निदेशालय झारखंड सरकार द्वारा तिलैया डैम में आयोजित एडवेंचर स्पोर्ट्स कार्यक्रम में र०यल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के 44 बच्चों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्घाटन कोडरमा जिला उपायुक्त आदित्य रंजन ने फीता काटकर किया । 15 से 17 अगस्त तक चले इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस एडवेंचर कार्यक्रम में प्राची केसरी, शिवम कुमार, महक पांडेय, रितिका कुमारी ,आयुष कुमार ,शमीम अख्तर, ज़ैनब तबस्सुम, अभिनव पांडेय, स्नेहा रज, चांदनी, चन्दन, शिवम सिंह, रोहित प्रजापति, कृष, मुक्ति, परिचित, विनीत, माही, माही, रिया, आलोक,रिचा, मयंक, रेहान, सामी, अनुज, भोला, नेहा इत्यादि ने एडवेंचर पैराशूट, वाटर स्कूटर इत्यादि इवेंट के आनंद लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य अनूप कुमार ने बताया कि छात्र–छात्राएं इस एडवेंचर कैंप में आकर काफी उत्साहित हैं और ऐसे स्पोर्ट्स एक्टिविटी से बच्चे में मानसिक तनाव दूर होता है और आपस में अनुशासन एवं एकता कायम होता है । उन्होंने ऐसा आयोजन कराने पर झारखंड सरकार को हार्दिक बधाई दी है । इस एडवेंचर कार्यक्रम में विद्यालय के खेल शिक्षक प्रिंस कुमार मिश्रा एवं कोऑर्डिनेटर शुभाशीष पाइन, सिम्मी काफी सराहनीय योगदान दिया। ।

APEM LIVE












सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बेटियों ने दिया बाप की अर्थी को कंधा

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा सामाजिक रीति रिवाजों की बानगी एक नई इबारत बरकट्ठा प्रखण्ड के बंडासिंघा में देखने को मिली जब एक पिता की अर्थी को उनकी चारो पुत्रियों ने कांधा दिया ज्ञात हो बंडासिंघा निवासी समाजसेवी देवचंद नायक का निधन मंगलवार 5 बजे संध्या को हो गयी इनकी मृत्यु के पश्चात इनकी चारो बेटियों ने कांधा दिया यह देखकर पूरा बंडासिंघा गमगीन हो गया हर छोटे बड़े के आंखों में आंसू थे सनद रहे इनका कोई पुत्र नही था एक दामाद को ही घरजमाई बना कर रखे हुये थे उनकी मुखाग्नि दामाद लोकनाथ नायक ने दी मौके पर समाज सेवी संजय कुमार साव, राजेश कसेरा, महेश साव, अशोक साव, नागेश्वर प्रसाद, बंगु साव, प्रयाग साव, लिलधारी साव लक्ष्मन साव, अर्जुन साव, पुनीत साव, खेमलाल साव के अलावे समाज एवं परिवार के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे

## प्रखंड स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता समपन्न

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड इकाई बरकट्ठा के द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।विहिप के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव,संयोजक दीपक राणा, मंत्री सत्यम भारती ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किए । मुख्य अतिथि जिला संयोजक प्रशांत सिंह एवं जिप सदस्या कुमकुम देवी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी इस दौड़ प्रतियोगिता में प्रखंड के कुल 92 प्रतिभागियों ने भाग लिए कुल 06 राउंड के दौड़ में प्रथम स्थान रौशन राणा परबत्ता, द्वितीय शेखर कुमार इचाक एवं बच्चन देव यादव तृतीय स्थान प्राप्त किये। तीनों को नगद पुरुस्कार, शील्ड, मेडल, गीता ग्रंथ देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी राउंड के तीन्तीन लोगों को मेडल एवं गीता ग्रंथ देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रामचंद्र चौधरी, बिनोद प्रसाद, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, प्रचार प्रसार प्रमुख धीरज गुप्ता, सिक्की विश्वकर्मा, सुभाष राणा, प्रधानाध्यापक रविशंकर पाण्डेय, दीपक महाकाल, सुमन गुप्ता, विक्की गुप्ता, अजित मंडल, अशोक गुप्ता, बाल्की यादव, भुनेश्वर यादव, उमेश यादव, पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता, सूर्यदेव मंडल,प्रकाश चौधरी, गोलू मोदी,चंदन मोदी,बिट्टू मोदी,बंटी कुमार,जागेश्वर साव, चंदन श्रीवास्तव लोगों का सहयोग रहा। मौके पर संजय यादव ने कहा कि खेल कूद प्रतियोगिता में युवाओं को अपना प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।खेल कूद बहुत ही जरूरी है।इससे युवाओं का शारिक विकाश होता है साथ ही इस क्षेत्र में आकर देश का भी नाम रौशन करने का बहुत बढ़िया प्लेटफ०र्म है।जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने सभी उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किए एवं अपना आशीर्वाद दिए एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना किये।

## झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ चौपारण इकाई का बैठक आहूत

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण : बुधवार को झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ चौपारण इकाई की बैठक जितेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन बसंत दास ने की। बैठक में प्रखण्ड संसाधन केंद्र एवं प्रखण्ड शिक्षा कार्यालय द्वारा की जा रही ला. परवाही पूर्ण क्रियाकलापों पर चर्चा करते हुए क्षोभ ब्यक्त किया गया। संघठन विस्तारी करण पर रणनीति निर्धारित की गई। संगठ्न द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित वरीय जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह को स्वागत करते हुए उसके इस वक्तब्य कि हमें दलाली ब्यवस्था तथा घोर ब्यपात ब्यवस्था को हमेशा विरोध करना है। कतई समर्थन नही करना है को संघ के सदस्यों ने आत्मसात करने का निर्णय लिया। बैठक में सचिव सुबोध कुमार, संरक्षक प्रमोद सिंह, वरीय सदस्य ओमकार नाथ सिंह,अमित कुमार, प्रवीण कुमार गुप्ता, अनुज कुमार वैद्य ,विपिन कुमार , पंकज कुमार,अशोक कुमार दांगी, हरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, मुकेश कुमार, रजनीश कुमार,आलोक कु प्रियदर्शी, किशोर कुमार, रविन्द्र कुमार, उदय प्रसाद वर्मा, उपेन्द्र कुमार वर्मा , संजय कुमार सिंह, पंकज कुमार, दीपक कुमार सिन्हा, राजू ठाकुर, कृष्ण कुमार, मुकेश कुमार इत्यादि शिक्षको ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## मनरेगा का प्रखण्ड स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण का हुआ आयोजन

### कई मामलों का किया गया निष्पादन

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी : बुधवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का प्रखण्ड स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण किया गया।जिसमें ज्यूरी के रूप में जीप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी,प्रमुख इंदु देवी एवं उपप्रमुख सुमन सिंह तथा राजेन्द्र सिंह प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित थे।वही जिला स्तर से आए ऑडिट टीम में अजित प्रजापत्ति,शन्तु कुमार सिंह एवं अजित कुमार सिंह ने बारी बारी से मामले को उठाया और उसका ज्यूरी के सदस्यों ने निष्पादन करते हुए मामले का निष्पादन भी किया गया।यह कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए अंकेक्षण किया गया। जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि मनरेगा कार्य को गुणवत्तायुक्त बनाने का अच्छा साधन सामाजिक अंकेक्षण है।कार्यक्रम की समाप्ति में बी डी ओ हुलास महतो ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कावाई कि समाप्ति की।वहीं इस मौके पर प्रखण्ड प्रमुख इन्दु देवी, उपप्रमुख सुमन सिंह, बीडीओ हुलास महतो, बीपीओ नीरज कुमार पासवान , जेई शिवकुमार दास,मदगडा पंचायत के मुखिया सुप्रिया देवी, बकचुम्मा मुखिया पार्वती देवी,रवीना देवी, रोजगार सेवक गोदावरी कुमारी, के साथ प्रखंड के हरेक पंचायत के पंचायत सेवक, रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## बिरनी : तीन सड़कों का किया शिलान्यास

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड डबरसैनी चौक में मंगलवार को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी व बगोदर विधायक विनोद सिंह ने तीन सड़कों की मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया। डबरसैनी से कल्हाजोरी, माखमरगो से दलांगी और धनवार सरिया रोड से रुपायडीह सड़क की मरम्मत का शिलान्यास शिक्षा राज्य मंत्री ने किया। बता दें कि तीनों सड़कों वर्ष 2010 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी थी। शिलान्यास समारोह में शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य रहा है कि हमारे गांव विकास से दूर न रहें। उन्होंने विधायक विनोद सिंह के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार का प्रस्ताव देर से पहुंचने की वजह से योजना की स्वीकृति नहीं हो पाती है। कहा कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री से मिलकर इन योजनाओं को स्वीकृत करने का अनुरोध किया। जल्द ही बिरनी के लोगों की शिकायत का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा भाजपा सरकार गांवों के अलावा स्टेट हाइवे को नेशनल हाइवे से भी जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने हेमन्त सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा राज्य सरकार के सर्कुलर में सांसदों को जगह नहीं है यह बहुत ही दुखद है। बगोदर विधायक विनोद सिंह ने कहा कि गिरिडीह जिला उग्रवाद प्रभावित है बावजूद आजादी के 75 वर्ष के बाद भी बिरनी में दर्जनों ऐसे गांव है जिसमे आज तक सड़क नहीं है। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष 2014 से आज तक एक भी प्रधानमंत्री सड़क योजना की स्वीकृति नहीं हो पायी है। इसके पीछे जो भी कारण रहा हो परन्तु उस गांव के लोगों के लिए पक्की सड़क का सपना सपना बन कर रह गया है। शिलान्यास समारोह में कांग्रेसी नेता बासुदेव वर्मा ने कहा कि सांसद ने अपने आधे कार्यकाल में बिरनी की जनता के लिए सिर्फ तीन सड़कों की मरम्मती की ही स्वीकृति दिला पाई है। बिरनी के लगभग सड़कें जर्जर हो गई है परन्तु हमारी सांसद को यह सब नहीं दिख रहा है। तभी तो आज भी तीन अलग अलग जगहों की सड़क एक ही जगह से शिलान्यास कर छुट्टी कर ली। इस अवसर पर प्रमुख रामू बैठा, बीडीओ सुनील वर्मा, जिला परिषद उपाध्यक्ष छोटे लाल यादव, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, सूरज सुमन, अरारी मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा, जिला सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष राजदेव साव, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष मृत्युंजय राय, समाजसेवी अशोक कुशवाहा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## निर्वतमान बीईईओ अरुण शर्मा के स्थान्तरण पर कस्तूरबा विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विदाई व सम्मानित करते कस्तूरबा की वार्डन एवं अन्य शिक्षक

बरही बीईईओ सह प्रखंड समन्वयक अरुण कुमार शर्मा का स्थान्तरण पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरसोत में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन वार्डन नेहा कुमारी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधान शिक्षक ईशो सिंह, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी मुख्य रूप से शामिल हुए। मौके पर मौजूद शिक्षको एवं अन्य लोगों ने बीईईओ अरुण शर्मा को पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। उनके कार्यकाल की प्रसंशा की गई। ईशो सिंह ने कहा कि अरुण कुमार शर्मा का कार्यकाल सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा है। भावुक अंदाज में अरुण शर्मा ने कहा कि बरही में काम कर अच्छा लगा। सभी का सपोर्ट मिलता रहा है। मौके पर नेहा कुमारी ,ज्योति वर्मा, सुषमा टोप्पो ,अविनाश गौतम ,पूनम कुमारी, पिंकी कुमारी, संयुक्ता सिंह ,अनिल कुमार ,अशोक कुमार, मधु भारती ,गणेश कुमार ,पिंटू प्रजापति ,मिनी कुमारी ,बबीता कुमारी सहित कई अभिभावक गण आदि उपस्थित थे।

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरनी में पीएम किसान की ई केवैसी पंचायतों में

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत आने वाले पंचायतों में बुधवार को ईकेवाईसी किया गया। जानकारी के मुताबिक बता दें कि गिरिडीह डीसी ने के आदेशानुसार प्रखंड में पंचायत भवन में 2 दिनों को विशेष कैंप का आयोजन किया जाने का आदेश था। बता दें कि प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना के लाभ का ईकेवाईसी क्या जा रहा है। लाभुकों को पंचायत भवन में आयोजित शिविर का आधार नंबर मोबाइल नंबर लेकर पहुंचा। प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना जिन लोगों को नहीं हुआ था। उन लोगों का राशि रुक गया था उसी को लेकर गिरिडीह डीसी ने पंचायतों में विशेष कैंप लगाकर ईकेवाईसी क्या जा रहा था। वह बिरनी प्रखंड के बल्गो पंचायत में ई केवाईसी करने के लिए लोगों की हुजूम उमड़ पड़ा वही ईकेवाईसी से होने के बाद लोगों के मन में खुशी जाहिर हुई।इधर बिरनी प्रखंड अंतर्गत बलगो में ईकेवाईसी किया गया। जिसमें बलगो मुखिया प्रतिनिधि दीपक,कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज दास वही खबर लिखे जाने तक प्रक्रिया जारी था।

## परेशानी : चलन्गदाग नदी में पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को हो रही है परेशानी



पुलिया के आभाव में नदी पार कर स्कूल जाते छात्र

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र आँगौ पंचायत स्थित अंबाटोला के समीप चलन्गदाग नदी पर पूल नही रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में घोर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को पठन-पाठन के लिए स्कूल जाने में घोर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।नदी में बाढ़ आ जाने के कारण कई बार बच्चे स्कूल जाने से भी वंचित रह जा रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है ।मामले को लेकर अंगों पंचायत के पंचायत समिति सदस्य संगीता कुमारी के प्रतिनिधि मुनेश्वर गंझू ने प्रशासन से जल्द से जल्द नदी पर पुल बनाने की मांग की है ।उन्होंने बताया कि नदी पर पुल के निर्माण के लिए टेंडर हो चुका है । परंतु अब तक पुल का निर्माण नदी पर नहीं हो पाया है। पूल नहीं रहने के कारण नदी के बाढ़ मे बहकर कर लगभग आधा दर्जन लोगों की मौत अब तक हो चुकी है। प्रशासन को इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि जल्द से जल्द नदी पर पुल का निर्माण हो सके।

## बच्ची को कान उठक बैठक कराने एवं मारपीट करने मामले को लेकर सनातन धर्म के बैनर तले लोग अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठें

### आंदोलनकारी पीड़ित परिवार को समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की कर रहे हैं मांग

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : सिरमा में दूसरे समुदाय के द्वारा नाबालिक बच्ची के साथ मारपीट एवं कान उठक बैठक कराने घटना के खिलाफ बड़कागांव दैनिक बाजार दुर्गा मंदिर प्रांगण में सतानत धर्म के बैनर तले अमन कुमार के अलावा कई लोग अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। लोगों ने जल्द से जल्द सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग पुलिस प्रशासन से कर रहे हैं। भूख हड़ताल में सनातन धर्म सामाजिक कार्यकर्ता के 27 से अधिक भूख हडताल पर बैठे हैं। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से अमन कुमार, विशाल कुमार बाल्मीकि, शेर सिंह, अविरोक वर्मा, प्रमोद कुमार , आदित्य कुमार ,संतोष कुमार राणा, रॉकी कुमार पांडेय, सुनील कुमार, मुकेश कुमार, राहुल कुमार, सूरज कुमार, संतोष कुमार, आविरोक कुशवाहा ,सन्नी कुशवाहा, सन्नी कुमार, पप्पू यादव, पंचम यादव इत्यादि अन्य लोग भूख हड़ताल पर उपस्थित थे। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है 2 लोगों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है ।बाकी फरार लोगों की धरपकड़ जा रही है।

## युवा साथी दल के तत्वाधान में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही रसोईया धमना पंचायत में सक्रिय रूप से काम करने वाला सामाजिक संगठन युवा साथी दल द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। संगठन द्वारा लगातार तीसरी बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संगठन ने यह परंपरा ज़रूरतमंद लोगों को समय पर रक्त नहीं मिलने के कारण उनकी मौत हो जाती है, ऐसे जरुरतमंद लोगों को रक्त सही समय पर उपलब्ध कराया जाये इसलिए रक्तदान शिविर की शुरुआत की गई है और यह रक्तदान शिविर प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त को आयोजित किया जाता है। संगठन अपनी इस परंपरा को पिछले तीन सालों से निभाता आ रहा है। संगठन के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया की युवा साथी दल लोगों की ज़िंदगी को बचाने में अपना योगदान सुनिश्चित कर रहा है। रक्त की उपलब्धता की कमी को दूर करना हमारा प्रयास है। निःस्वार्थ भाव से यह सेवा कार्य संगठन कर रहा है। रक्तदान शिविर के आयोजन में श्री निवास अस्पताल हज़ारीबाग़ की मेडिकल टीम अपना सहयोग प्रदान करती है। अस्पताल परिवार के प्रति भी युवा साथी दल ने अपना आभार प्रकट किया है। शिविर में 34 लोगों ने अपना रक्तदान कर समाज के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत किया। महिलाओं के द्वारा भी रक्तदान किया गया है। रक्तदान करने वाले लोगों को संगठन के द्वारा वृक्ष व रक्त वीर सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्त दान शिविर के सफल आयोजन में सरफराज अहमद, सुनील राणा, दीपेश कुमार, शारूफ आलम, सरफराज खान समेत अन्य साथियों का सराहनीय योगदान रहा है। स्वेच्छा से रक्तदान कर अपना फर्ज निभाने वालों में निरंजन भारती, फैयाज उद्दीन, दीपू कुमार, सुबोध केसरी, आलम,सेराज अहमद, इमरान, मेराज, नितेश कुमार, रियाज अंसारी, वसीम अंसारी, सूरज कुमार, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, विकास कुमार रविदास, राजदीप रविदास, वीरेंद्र कुमार, सुनील कुमार राणा, विक्रम कुमार, नसीम अंसारी, सुजीत कुमार, मंसूर आलम, इमरान अली, संजय मेहता, शारूफ आलम, सरफराज खान, संदीप कुमार, शंकर कुमार, अरविंद कुमार गुप्ता, मोहसिन, रुस्तम अली, दीपेश कुमार, विकास सिंह, आरती कुमारी आदि शामिल थे।

## इंडियन पब्लिक स्कूल शिनपुर ओरिया में धूम धाम से मनाई गई स्वतंत्रता दिवस, बच्चो ने दी गीत संगीत की प्रस्तुति





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

शिनपुर ओरिया में संचालित इंडियन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाई गई इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ देशभक्ति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि मुखिया नीलम देवी दुर्गा मुखिया नारायण यादव, उप मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव मुख्य रूप से शामिल रहे। स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत की प्रस्तुति दी। बच्चों ने देश भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने अभिभावकों को दिल जीत लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक बासुदेव साव ने अतिथियों का स्वागत किया। सभी ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। मौके पर समाजसेवी सुधीर यादव, रविंद्र यादव, संजय यादव, शंभू यादव , रामदेव यादव , राजू यादव ,, ब्रह्मदेव यादव ,अशोक यादव , विनय पासवान ,प्रमोद चोधरी, रोहित गिरी ,अजय गिरी ,लालजी, संतोष यादव ,दीपक यादव , हरेंद्र यादव, बिनोद यादव, पंकज यादव , लोकेश यादव, संजय यादव, मुरली यादव , विजय राणा ,विजय यादव, रामस्वरूप राणा , प्रधानाध्यापक बासुदेव यादव, संदीप कुमार,, धनेश्वर कुमार, ,विजय कुमार, मुकेश कुमार, कृष्णा कुमार, मृतुन्जय कुमार, उत्कर्ष प्रसाद, सरफराज आलम, सुमन कुमार, संतोष कुमार, पिंकी देवी, रंजू इंदु , संजू सहित कई लोग मौजूद थे।







APEM LIVE

APEM LIVE